## महत्वपूर्ण एवं खास

### सेल्फी लेने जंगल में घुसा था, दंतैल ने पटककर मार डाला

**महासमुंद (आरएनएस)।** स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मचारी को दंतैल ने पटककर मार डाला। घटना गुरुवार शाम साढ़े 4 बजे की है। मृतक भृत्य के पद पर ग्राम खट्टी के स्वास्थ्य केंद्र में था। वह गुरुवार को ग्राम कोना में वैक्सीन की खेप छोड़ने गया था। उसे ग्रामीणों ने जंगल की ओर जाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना। महासमुंद वन परिक्षेत्र अधिकारी एसआर डड़सेना ने बताया कि घटना कक्ष क्रमांक 78 जीवतरा पहाड़ी के आसपास की है। भृत्य अजय तिवारी पिता नारायण तिवारी (47) को एमई-1 टस्कर ने मार डाला। रेंजर ने बताया कि ग्रामीणों के बताए अनुसार वह दंतैल के साथ सेल्फी लेने के लिए जंगल में घुसा था। उसी दौरान दंतैल की नजर उस पड़ी और उसे दौड़ाते हुए सूंड से उठाकर पटक दिया। दंतैल के जाने के बाद टीम जंगल के अंदर गई और शव को अपने कब्जे में लिया।

### ग्राम भैंसाकट्टा में वन विभाग द्वारा लागये पिंजरे में फसा एक और आदमखोर तेंदुआ

**कांकेर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के चारामा वन परिक्षेत्र के ग्राम भैंसाकट्टा के जंगलों में वन विभाग द्वारा लागये गए पिंजरे में शनिवार को एक और आदमखोर तेंदुआ पकड़ा गया है, एक हफ्ते पहले भैंसाकट्टा और पलेवा में 1-1 आदमखोर तेंदुए को पिंजरे में कैद करने में वन विभाग को सफलता मिली थी। गौरतलब हो कि कांकेर जिले के चारामा वन परीक्षेत्र अंतर्गत भैंसाकट्टा में तेंदुए का आतंक लगातार जारी है। गांव में दहशत फैला रहा एक तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ है। जिसे वन विभाग सुरक्षित जगह पहुंचाने की तैयारी में जुटी हुई है। ग्रामीणों की माने तो अभी भी बड़ी संख्या में तेदुए आसपास के जंगली क्षेत्रो में मौजूद है, वहीं क्षेत्र में 2 लोग की मौत से ग्रामीणों में अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है। वही तेंदुए की फसे जाने की खबर सुनते ही तेंदूए को देखने ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी ।

### काम से निकलाने पर नाराज कर्मचारी ने लगा दी मालिक की गाड़ी में आग,मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शराबी कर्मचारी को काम से निकालने पर पिकअप वाहन में आग लगा दिया। मामले की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक महोबा बाजार डुमर तालाब रायपुर निवासी अब्दुल वहिद खान 35 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि उसका केटला मैदान गुढ़ियारी में एवन पोल्ट्री फार्म के नाम से दुकान है। 17 सितंबर को रात 11 बजे प्रार्थी का कर्मचारी मनीष यादव ने कॉल करके बताया कि पोल्ट्री फार्म के बाहर खड़ी उसके पिकअप वाहन में किसी ने आग लगा दी है। सुचना पाकर मौके पर पहुंचने पर गाड़ी जल रही थी जिसे मनीष यादव व पीड़ित ने बुझाया लेकिन तब तक गाड़ी जलने की वजह से काफी नुकसान हो चुका था। दुकान के अंदर जाकर सीसी कैमरा चेक करने पर पूर्व कर्मचारी राम कुमार निर्मलकर पिकअप वाहन में आग लगाते दिख रहा है जिसे वह शराब पीने की वजह से काम से निकाल दिया था। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 427,435 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### वन मण्डल में चार दंतैलों सहित 20-22 हाथियों का विचरण, लोगो को सचेत रहने वनमण्डलाधिकारी ने की अपील

**गरियाबंद (आरएनएस)।** वनमंडल के फिंगेश्वर ,पाण्डुका परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खुलसा,गनियारी,जोगीडिपा,फुलझर,बोड़की एवं आसपास के ग्रामों में 1 दतेल हाथी तथा गुरमुरा,छुईया , कुण्डलजमाही,जतमई,घटारानी तौरेंगा सांकरा के आसपास के ग्रामों खेत खलिहानों में 3 दंतेल हाथी विचरण कर रहा है ।वही सिकासेर दल क्रमांक 1 के 16 हाथियों का विचरण धमतरी वन मण्डल से गरियाबंद वन मण्डल के धवलपुर नवागढ़ एवं मैनपुर परिक्षेत्र के चिपरी,रावणडिग्गी,सेम्हरा , आमागांव,खुटगांव,मोहलई की ओर से विचरण करते हुए कामेपुर,गोबरा सालेभाट,चिन्दाभाठा,घटौद,पारागांव, धवलपुर,मैनपुर क्षेत्र में हो रहा है।वन विभाग के द्वारा हाथियों के विचरण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है एवं हाथी जहां भी विचरण कर रहे हैं उसके 5 किलोमीटर की परिधि के सभी गांवों में लाउडस्पीकर द्वारा सूचना दी जा रही है तथा अति संवेदशील ग्रामों में ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी भी करवाई जा रही है।साथ ही साथ हाथियों से अति संवेदनशील ग्रामों में विभाग द्वारा स्थापित सजग सायरन द्वारा ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है।

# मोबाईल दुकान से 178000 रूपये की उठाईगिरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** जिले के सक्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत नवधा चौक स्थित एक मोबाईल दुकान से 178000 रूपये की उठाईगिरी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता पायी।



शक्ति पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि प्रार्थी राम नरेश कश्यप पिता स्वः नेतराम कश्यप उम्र 46 वर्ष साकिन तहसील रोड शंकर नगर चाम्पा चाम्पा जिला जॉजगीर-चांपा (छ.ग.) थाना उपस्थित आकर रिपोट दर्ज कराया कि 15.09.2021 को मयंक मोबाईल सक्ती के दुकान में मोबाईल विक्रय किया एवं विक्रय का पैसा मोबाईल दुकान मालिक से 178000 रूपये पेमेंट लिया जिसे अपने बेग मे भर कर रखा व विक्रय किये गये हिसाब को व्हाट्सअप के माध्यम से भेज रहा था उसी समय करीबन 3:30 बजे अज्ञात चोर द्वारा बैग के अंदर रखे रकम 178000 रूपये को निकाल लिए और लेकर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने घटना स्थल एवं उसके आसपास गली में लगे सी.सी.टी.वी कैमरे से फुटेज खंगाले और सबूत मिलने पर उप निरीक्षक नवीन पटेल एवं थाना पामगढ के थाना प्रभारी उप निरी. ओमप्रकाश कुर्रे के नेतृत्व में टीम बिलासपुर के पास ग्राम देवरीखुर्द में संदेहियों सजन मोंगिया पिता फिरतु मोंगिया 19 वर्ष साकिन, तेज भान मोंगिया पिता इजन लाल मोंगिया 19 वर्ष एवं सुबीन मोंगिया पिता फिरतु मोंगिया 21 वर्ष सभी साकिनान पथरिया थाना खिमलासा जिला सागर (म.प्र.) हाल मुकाम देवरीखुर्द थाना तखतपुर जिला बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना गुनाह कबूला।

आरोपियों ने बताया कि वे अपने साथियों एवं परिवार के साथ ग्राम पथरिया जिला सागर (म.प्र) से चुड़ी बेचने के लिए करीबन 15-20 दिन पूर्व छत्तीसगढ़ आये थे एवं जगह जगह डेरा लगा कर गली मोहल्ले में घूम-घूम कर चूड़ी बेचेन का काम करते है। 15.09.2021 को तीनों आरोपी अपने मोटर सायकल सी. जी 10 ई.एम 8424 बजाज डिस्कवर 125 से चोरी करने के लिए सक्ती आये एवं मोटर सायकल को बुधवारी बाजार सक्ती के पास खड़ी कर पैदल-पैदल गली में घूम रहे थे तभी थाना के पीछे एवं गली के मोबाईल दुकान में एक व्यक्ति बेंच पर बैठकर रूपये गिन रहा था जिसे देखकर तेजभान मोंगिया एवं सजन मोंगिया दोनो मोबाईन दुकान अंदर चले गये एवं उसका साथी सुबीन मोंगिया दुकान के बाहर दूर में खड़े होकर निगरानी कर रहा था तेजभान मोंगिया द्वारा दुकानदार से ईयर फोन खरीदने हेतु बातों में उलझाकर रखा तथा सजन मोंगिया द्वारा प्रार्थी का बेग में रखे 178000 रूपये को अपने पास रखे थैले की आड़ लेकर चोरी कर दुकान से बाहर निकल गये।

उसी समय प्रार्थी एवं दुकान के कमर्चारी उसे पकड़ने हेतु दौड़ाने पर वे दोनों गली में चोरी किये रूपये को लेकर गली दौड़ते भाग गये एवं जहॉं मोटर सायकल खड़ी किये थे वहॉं पहुचे एवं उनका साथी सुबीन मोंगिया वहॉं पहुॅचा फिर तीनों चोरी किये गये रूपये को उनके डेरा ग्राम देवरीखुर्द थाना तखतपुर चले गये एवं उक्त रूपये को आपस में बाट लिए तथा उनके द्वारा कुछ रूपये को खर्च कर लेना तथा कुछ रूपये से सामान खरीद लेना बताया। आरोपी पी सजन मोंगिया द्वारा 40000 नगदी रू 01 नग लावा कीपेड मोबाईल, व 01 नग थैला, तेजभान मोंगिया के द्वारा 30800 रू नगदी रकम, 01 नग विवो टच स्क्रीन मोबाईल कीमती 10000 रू, एवं चोरी करने में उपयोग में लाये गये मोटर सायकल एवं सुबीन मोंगिया के द्वारा 20000 रू एवं चोरी के रूपये से खरीदे गये चांदी के पायल वजनी करीबन 200 ग्राम किमती 10000 रू एवं कॉच व प्लास्टिक की चुडियॉ कीमती 20000 रू को बरामद कराकर पेश करने पर जप्त किया गया एवं आरोपियों विरूध धारा सदर का अपराध का घटित करना पाये जाने से आज गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को ज्यूडिशल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# युवती से छेड़खानी का वीडियों सामने आते ही पुलिस ने किया दो बदमाशों को गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में बेखौफ हुए मनचले बदमाशों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के बंगले के सामने दिनदहाड़े सरेराह युवती के साथ छेड़-छाड़ करने लगे। लेकिन इस दौरान वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने कार चलाना रोककर घटना का वीडियो बनाया और उसे वायरल कर दिया। मामले में किरकिरी होने के बाद पुलिस की आंखें खुली और जल्द ही बदमाशों को धर दबोचा गया।



मामला शंकर नगर इलाके में दो बदमाश एक लड़की को छेड़ रहे थे ,तभी वहां से गुजर रहे एक कार चालक की नजर पड़ी उसने अपनी कार रोककर तुरंत मोबाइल से घटना का वीडियो बना लिया और उसे इंटरनेट मीडिया में वायरल कर दिया। मामले के सामने आने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस हरकत में आई।

वीडियो में दिख रही गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर गाड़ी की पहचान की और इसके बाद दोनों को बदमाशों को पुलिस ने खोज निकाला। सिविल लाइन पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने स्वयं प्रार्थी बनते हुए पहले अपराध दर्ज किया। इसके बाद नितिन शर्मा और राजू शर्मा को गिरफ्तार करने के साथ गाड़ी को जब्त कर ली। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

# दहेज में बाइक नही मिलने पर नवविवाहिता की हत्या,पति गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में दहेज में बाइक नही मिलने पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला फास्टरपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक सिंघनपुरी गांव में रहने वाले राहुल साहू की शादी 7 महीने पहले कवर्धा जिले के पूसेरा गांव की आरती के साथ हुई थी। दोनों के बीच शुरुआत में सब कुछ ठीक चला रहा था, लेकिन कुछ दिन बाद राहुल का आरती से दहेज में बाइक नहीं देने को लेकर विवाद शुरू हो गया।

इसके चलते राहुल आए दिन आरती के गाली–गलौच कर उसके साथ मारपीट करता था। इसकी जानकारी आरती ने परिजनों को भी दी थी। इसी बीच 15 सितंबर को राहुल ने आरती की हत्या कर दी। हत्या के बाद राहुल ने आरती के घरवालों को बताया कि आरती की मौत चाय बनाते वक्त हीटर में करंट की चपेट में आने से हुई है।

हत्या के बाद आरती के घरवालों को राहुल पर शंका थी। यही वजह थी कि उसके घरवालों ने अंतिम संस्कार से पहले आरती के शरीर को पूरी तरह से अच्छे से देखा। उन्हें आरती के गले में चोट के निशान मिले। परिजनों ने आशंका जताई कि किसी चीज से आरती का गला घोंटा गया है। इसके बाद परिजनों ने इस बात की शिकायत फास्टरपुर पुलिस से की थी। पुलिस ने राहुल को हिरासत में लिया, पूछताछ में राहुल ने आरती की हत्या गला घोंटकर करने की बात कबूल की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपीसी की धारा 302,304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

# पिस्टल और तलवार के साथ दो मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा भोजराम पटेल के द्वारा जिला में अवैध कारोबार एवं असामाजिक तत्वोए गुण्डे. बदमाशो पर सख्ती के साथ कार्यवाही करने हेतु सर्व थाना चौकी प्रभारीगण को निर्देशित किया गया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली क्षेत्र चौकी रामपुर, सी एस ई बी, मानिकपुर क्षेत्र में मुखबीर को सक्रिय किया गया है। दिनांक 17 सितम्बर 2021 को मुखबीर से सूचना मिला कि चौकी मानिकपुर क्षेत्र में दो व्यक्ति मुड़ापार बाजार के पास पिस्टल दिखा कर लोग को डराकर भय की स्थिति निर्मित कर रहे है। उक्त सूचना को तत्काल वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत करा कर निर्देश प्राप्त कर नगर कोतवाल निरीक्षक सनत सोनवानी के नेतृत्व पर उप निरीक्षक एसण् केण् धारी प्रभारी पुण् सण् केण् मानिकपुर तथा उनि कृष्णा साहू प्रभारी सायबर सेल कोरबा के हमराह स्टाफ के मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर मुड़ापार बाजार के पास आम जगह पर रेड कार्यवाही किया गया। जो आरोपी नीलेश यादव एवं मुन्ना कुमार शर्मा को पुलिस टीम के द्वारा घेराबदी कर पकड़े। आरोपी निलेश यादव के कब्जे में एक पिस्टल, माउजर मिला। दोनो आरोपीयों को गिरफ्तार किया जाकर धारा 25-27 आम्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा।

इसी तरह मुखबीर से सूचना मिली चौकी रामपुर क्षेत्र के पण्डरीपानी नवाडीह चौक के पास एक व्यक्ति आम जगह पर तलवार लहराकर लोगो को डरा कर भय की स्थिति निर्मित कर रहा है। उक्त सूचना को तत्काल वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत करा कर निर्देश प्राप्त कर नगर कोतवाल निरीक्षक सनत सोनवानी के नेतृत्व पर उप निरीक्षक मयंक मिश्रा प्रभारी पु. स. के. रामपुर तथा उनि कृष्णा साहू प्रभारी सायबर सेल कोरबा के हमराह स्टाफ के मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पण्डरीपानी नवाडिह चौक के पास रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी इन्द्रपाल सिंह कंवर को पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकड़े आरोपी इन्द्रपाल सिंह के कब्जे से एक तलवार मिला। आरोपी इन्द्रपाल सिंह को गिरफ्तार किया जाकर धारा 25-27 आम्म्स एक्ट के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी।

सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सनत सोनवानी थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक एसण् केण् धारी प्रभारी पुण् सण् केण् मानिकपुरए उप निरीक्षक मयंक मिश्रा प्रभारी पु. स. के. रामपुर, उप निरीक्षक कृष्णा साहू प्रभारी सायबर सेल कोरबा, चौकी रामपुर के सउनि के. के. राठौर, आरक्षक कृष्णा पटेल, संदीप भगत, राकेश कर्ष, जितेन्द्र सोनी, चौकी मानिकपुर के आरक्षक आलोक टोप्पो, संतोष चौधरी, आशोक पाटले, जयप्रकाश यादव के द्वारा की गई कार्यवाही सराहनीय रही। पिस्टल के साथ पकड़े गये दो आरोपीगण का नाम व पता

# ट्रक के पहिये में दबने से एक युवक की हुई मौत

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बोधघाट थाना क्षेत्र अंर्तगत तेतरकुटी में ट्रक के पहिये में दबने से एक युवक सुनील यादव की मौत हो गई है। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दिया शव का पीएम करने के बाद परिजनों को आज सौंप दिया गया, परिजनों ने बताया कि मृतक के 03 बच्चे हैं। बोधघाट पुलिस ने बताया कि बस्तर परिवहन संघ के पीछे छत्रपति शिवाजी वार्ड में रहने वाला सुनील यादव 35 वर्ष जो घर के पास एक ट्रक का चक्का फंसने के कारण उसे आगे बढ़ाने की कोशिश करा रहा था, इस दौरान ट्रक चालक ने अचानक वाहन को जैसे ही पीछे किया, पिछले चक्के के पास खड़ा सुनील उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।




# कंपनी में काम करने के दौरान दो कर्मचारी गर्म मेटल की चपेट में आये,एक की मौत,एक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के धरसींवा थानाक्षेत्र में कंपनी में काम करने के दौरान 2 कर्मचारी गर्म लोहे के लिक्वड गिरने से उसकी चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। जिससे अस्पताल में इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई तथा दूसरे मजदूर का उपचार जारी है। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने एसकेएस कंपनी व ठेकेदार के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक शिव शंकर सिंह पिता हरिनारायण सिंह राजपूत उम्र 36 वर्ष साकिन ग्राम कटरिया थाना अंगियांव जिला भोजपुर आरा (बिहार) हाल पता- बिरगांव शहीद नगर उरला जिला रायपुर में आनंद राम साहू के मकान में किराये में रहता है। प्रार्थी ने धरसींवा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह एसकेएस प्लांट में शिफ्ट इंचार्ज का काम करता है। 15 सितंबर को रात 8 बजे से उसका ड्यूटी था,इंडक्शन फर्निश भट्ठी में ढलाई का काम चल रहा था तभी रात 3 बजे लेडल में ढलाई के दौरान फर्निश भट्ठी बिखर जाने से वहा आग लग गई। सब वहा से भागने लगे उसी वक्त गरम लोहे का लिक्विड गिरने से वह व साथ काम कर रहे लेडल ऑपरेटर रंजीत सिंह गर्म भाप पड़ने से बुरी तरह से झुलस गए। तत्काल अस्पताल में ले जाकर उन्हें भर्ती कराया गया जिससे उपचार के दौरान रंजीत सिंह की मौत हो गई तथा प्रार्थी का इलाज चल रहा है। मामले में एसकेएस कंपनी व ठेकेदार के खिलाफ धारा 279,337,304 ए के तहत अपराध कर लिया है।

# बस्तर दशहरा पर्व डेरी गड़ाई की रस्म आज

**जगदलपुर (आरएनएस)।** ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के अंतर्गत रविवार को सुबह 11 बजे डेरी गड़ाई रस्म को पूरा किया जाएगा। शुभ कार्य के प्रारंभ में किये जाने वाले मण्डपच्छादन रस्म की तरह ही डेरी गड़ाई रस्म भी सम्पन्न किया जाएगा।



साल प्रजाति की दो शाखायुक्त डेरी, एक सतम्भनुमा लकड़ी जो लगभग 10 फीट ऊंची होती है। इस लकड़ी को परंपरा स्थानीय सिरहसार भवन में स्थापित किया गया जाएगा। डेरी लाने का कार्य बिरिंगपाल के ग्रामीण के जिम्मे होता है।

15 से 20 की दूरी पर दो गड्ढे किये गए, इन गड्ढो में जनप्रतिनिधियों और दशहरा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में पुजारी द्वारा डेरी में हल्दी, कुमकुम, चंदन का लेप लगाकर दो सफेद कपड़े बाँधा जाएगा।

इन सारी रस्मों के बाद पूजा सम्पन्न होती है एक कामना के साथ की बस्तर दशहरा पर्व निर्विघ्न सम्पन्न हो।

डेरी गड़ाई के बाद रथ निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है, आज की पूजा के साथ ही जंगल से लकड़ी और निर्धारित गाँवों से कारीगरों का आना शुरू हो जाता है।

बस्तर दशहरा हेतु रथ निर्माण के लिए केवल साल और तिनसा प्रजाति की लकड़ियों का उपयोग किया जाता है। तिनसा प्रजाति की लकड़ियों से पहिए का एक्सल बनाया जाता है और रथ निर्माण के बाकी सारे कार्य साल की लकड़ियों से पूरा किया जाता है।

हरेली अमावस्या यानी पाट जात्रा के दिन पहली लकड़ी लाई जाती है और उसके बाद बस्तर दशहरा की दूसरी रस्म डेरी गड़ाई पूजा विधान के बाद अन्य लकड़ियों को लाया जाता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियॉं की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU